>

Title: Need to provide a stoppage to 'Ashram Mail' at Unjha in Gujarat.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : महोदय, दिल्ली एवं अहमदाबाद के बीच आश्रम-मेल रेल सेवा चल रही है और यह मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थिति ऊंझा रेलवे स्टेशन से होकर जाती है। ऊंझा आज धनिया, जीरा एवं अन्य मसालों की अंतर्राष्ट्रीय मार्किट बन चुकी है। विश्व के कोने-कोने में यहां से मसालों का निर्यात बड़ी मात्रा में होता है। परन्तु इस मंडी में आने वाले व्यापारी एवं अन्य लोगों को ऊंझा में आश्रम मेल रेल का ठहराव नहीं होने से लोगों को बहुत दिक्कत होती है। यहां पर देश भर के मसालों के व्यापारी अपने व्यापार के सिलसिले में आते हैं।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि आश्रम मेल रेल सेवा का ठहराव ऊंझा में किया जाये।

* Translated as laid on the Table